# हिंदी
## (Hindi)

**समय : 3 घंटे** **अधिकतम : 100 अंक**

---

**निर्देश:-**

1. इस प्रश्न पत्र के कुल अंक 100 है।.
2. प्रश्न पत्र के कुल पाँच भाग है। भाग-1, भाग-2, भाग-3, भाग-4 और भाग-5।
3. प्रश्न पत्र में दिए गए सभी प्रश्नों के उत्तर निर्देशों का पालन करते हुए उत्तर पुस्तिका में ही लिखने हैं।

## भाग- I – [अंक : 10]

**I. निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। (1x5=5)**

1. नाथ संभुधनु भंजनिहारा। होइहि केउ एक दास तुम्हारा।

आयेसु काह कहिअ किन मोही। सुनि रिसाइ बोले मुनि कोही॥

सेवकु सो जो करै सेवकाई। अरिकरनी करि करिअ लराई॥

सुनहु राम जेहि सिवधनु तोरा। सहसबाहु सम सो रिपु मोरा॥

(या)

असफलता एक चुनौती है, स्वीकार करो,

क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो।

जब तक न सफल हो, नींद चैन को त्यागो तुम,

संघर्ष का मैदान छोड़ मत भागो तुम॥

2. निम्नलिखित गद्यांश पढ़िए। पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **(5x1=5)**

परिश्रम कल्पवृक्ष है। जीवन की कोई भी अभिलाषा परिश्रमरूपी कल्पवृक्ष से पूर्ण हो सकती है। परिश्रम जीवन का आधार है, उज्जवल भविष्य का जनक और सफलता का महामंत्र है। सृष्टि के आदि से अद्यतन काल तक विकसित सभ्यता और सर्वत्र विकास परिश्रम का ही परिणाम है। आज से लगभग पचास साल पहले कौन कल्पना कर सकता था कि मनुष्य एक दिन चाँद पर कदम रखेगा या अंतरिक्ष में विचरण करेगा पर निरंतर श्रम की बदौलत मनुष्य ने उन कल्पनाओं एवं संभावनाओं को साकार कर दिखाया है। मात्र हाथ पर हाथ धरकर बैठने से यह कार्य कदापि संभव नहीं हो सकता था।

किसी देश, राष्ट्र अथवा जाति को उस देश के भौतिक संसाधन तब एक समृद्ध नहीं बना सकते जब तक कि वहाँ के निवासी उन संसाधनों का दोहन करने के लिए अथक परिश्रम नहीं करते। किसी भू भाग की मिट्टी कितनी भी उपजाऊ क्यों न हो, जब तक विधिवत परिश्रमपूर्वक उसमें जुताई, बुआई, सिंचाई, निराई-गुड़ाई नहीं होगी, अच्छी फसल प्राप्त नहीं हो सकती। किसी किसान को कृषि संबंधी अत्याधुनिक कितनी ही सुविधाएँ उपलब्ध करा दीजिए, यदि उसके उपयोग में लाने के लिए समुचित श्रम नहीं होगा, उत्पादन क्षमता में वृद्धि संभव नहीं है। स्वतंत्रता के पश्चात हमारी प्रगति की द्रुतगति भी हमारे श्रम का ही फल है। भाखड़ा नांगल का विशाल बाँध हो या हरिकोटा का प्रक्षेपण केंद्र हरित क्रांति की सफलता हो या कोविड 19 की रोकथाम के लिए टीका तैयार करना, प्रत्येक सफलता हमारे श्रम का परिणाम और प्रमाण है।

क. परिश्रम की तुलना किससे की गई है?

ख. परिश्रम के बल पर मनुष्य ने किन कल्पनाओं को साकार कर दिखाया है?

ग. अच्छी फसल की प्राप्ति किस तरह संभव है।

घ. हमारे श्रम के परिणाम और प्रमाण के कोई दो उदाहरण लिखिए।

ङ. गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

## भाग-II [अंक:50]

अ. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 8-10 पंक्तियों में लिखिए।** **(4x5=20)**

3. कवयित्री सुभद्राकुमार चौहान का साहित्यिक परिचय लिखिए।

4. कबीर के दोहे के आधार पर मीठी वाणी की विशेषताएँ लिखिए।

5. आज के युग में कृत्रिम मेधा की अत्यंत आवश्यकता है। क्यों?

6. कृषि भारतियों की आजीविका का स्त्रोत है। कैसे?

(आ) **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 20 पंक्तियों में लिखिए।** **(2x10=20)**

7. “है प्रीत जहाँ की रीत सदा” गीत का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

(या)

“कोशिश करने वालों की हार नहीं होती” कविता समाज को जागरुक करने वाली है। कथन की सार्थकता पर अपने विचार लिखिए।

8. मुरारीमोहन की चारित्रिक विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

(या)

महामारी का अर्थ स्पष्ट करते हुए किसी एक महामारी के बारे में लिखिए।

**(इ) निम्नलिकित प्रश्नों के उत्तर लगभग 12-14 पंक्तियों में लिखिए। (2x5=10)**

9.(क) रामेश्वरी का चरित्र-चित्रण अपने शब्दों में कीजिए।

(या)

ज्योतिषियों के बारे में रामजीदास के विचारों से आप कहाँ तक सहमत हैं? सविस्तार लिखिए।

(ख) बल्लभाचार्य के सिद्धांतों पर प्रकाश डालिए।

## भाग-III (अंक : 10)

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (2x5=10)**

10.(क) 'बालिका शिक्षा' पर एक पोस्टर तैयार कीजिए।

(या)

जीवन में तकनीकी का महत्व बताते हुए छोटे भाई को पत्र लिखिए।

(ख) अपने कॉलेज में हिंदी दिवस के आयोजन हेतु कार्यक्रम सचिव की ओर से सूचना तैयार कीजिए।

(या)

मोबाईल फोन की दुकान के लिए विज्ञापन तैयार कीजिए।

## भाग-IV (अंक : 15)

**IV. (क) निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए। उत्तर पुस्तिका में लिखिए। (5x1=10)**

11. नैतिक
12. विकास
13. समस्या
14. गैरव
15. परिवर्तन

**(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर उत्तर पुस्तिका में लिखिए। (10x1=10)**

16. कोशिश करने वालों की हार नहीं होती। रेखांकित शब्द का अर्थ क्या है?

A) लगन B) प्रयास C) लक्ष्य D) वचन

17. जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। रेखांकित शब्द के भिन्नार्थ क्या है?

A) पानी, ईर्ष्या B) पानी, अंबु C) नीर, सलिल D) जलन, जलज

18. हमें सभी का आदर करना चाहिए क्योंकि किसी का भी .................... करना बुरी बात है। रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए रेखांकित शब्द का विलोमार्थक पहचानिए।

A) अनादर B) आदरहीनता C) आदरपूर्ण D) निंदा

19. दिखा गई पथ, सिख गई हमको जो सीख सिखानी थी। रेखांकित शब्द के पर्यावाची क्या हैं?

A) पर, पथिक B) शिक्षा, उपदेश C) मार्ग, रास्ता D) रानी, महारानी

20. मनुष्य चाँद पर पहुँच चुका है। रेखांकित शब्द का तत्सम रूप क्या है?

A) शशि B) सोम C) सुधाकर D) चंद्र

21. निम्न में से विदेशी शब्द कौनसा है?

A) खेत B) रात C) कॉलेज D) अग्नि

22. नन्हीं चींटी जब दाना लेकर चलती है, चढ़ती दीवारों पर सौ बार फिसलती है। पंक्तियों में प्रयुक्त तुकांत शब्द पहचानिए।

A) चलती - फिसलती B) चढ़ती – चींटी C) नन्हीं - दीवार D) दीवारों – बार

23. सही वर्तनी वाला शब्द पहचानिए।

A) आत्माविश्वास B) आत्मविश्वास C) आत्मवीश्वास D) आत्मीविश्वास

24. 'Law' का सही अर्थ क्या है?

A) स्नेह B) प्रेम C) कानून D) व्यवस्था

25. 'Minister' का सही अर्थ क्या है?

A) मंत्री B) राष्ट्रपति C) सचिव D) महापौर

## भाग V [अंक : 15]

V. निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर उत्तर पुस्तिका में लिखिए। **(15x1=15)**

26. राम विद्यालय जा रहा है। रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद क्या है?

A) विद्य + आलय B) विद्या + आलय C) विद्य + अलय D) विद्या + लय

27. पुस्तकें ज्ञान बाँटती हैं इसीलिए हमें ............. को सहेजकर रखना चाहिए। रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही शब्द क्या है?

A) पुस्तकों B) पुस्तकाएँ C) पुस्तकयाँ D) पुस्तकीय

28. वाह सुनीता! तुम्हारी सोच का तो क्या कहना? रेखांकित चिह्न क्या है?

A) प्रश्नचिह्न B) विस्मयादि बोधक C) अर्धविराम D) पूर्ण विराम

29. कृषि हमारे देश .................... अर्थव्यवस्था .................... नींव है। रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए सही कारक चिह्नों की पहचान कीजिए।

A) के, की B) की, के C) के, के D) की, की

30. पिताजी रसूईघर को भटियारखाना कहते थे। रेखांकित शब्द का समास विग्रह पहचानिए।

A) रसोई में घर B) रसोई को घर C) रसोई के लिए घर D) रसोई से घर

31. माँ के लिए बेटा आँखों का तारा होता है। रेखांकित मुहावरों का सही अर्थ क्या है?

A) सहारा होना B) बहुत प्रिय होना C) निंदनीय होना D) परिश्रमी होना

32. नौकरानी काम कर रही है। रेखांकित शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय क्या है?

A) आनी B) नी C) रानी D) अनी

33. हमें अपशब्दों का प्रयोग नहीं करना चाहिए। वाक्य में उपसर्ग युक्त शब्द क्या है?

A) हमें B) अपशब्दों C) करना D) चाहिए

34. बालक ................। वाक्य का निर्माण वर्तमान काल में करने के लिए कौनसा विकल्प सही है?

A) खेल रहा है B) खेलेगा C) खेल रहा था D) खेलूँगा

35. भारत एक महान ..................कृषि प्रधान देश है। वाक्य की पूर्ति के लिए सही शब्द पहचानिए।

A) इसीलिए B) क्योंकि C) और D) चूँकि

36. आप इधर आइए। वाक्य को निषेधार्थक में बदलने के लिए सही उत्तर क्या होगा।

A) क्यों B) मत C) कैसे D) मना

37. तेलंगाणा हमारे देश का युवा राज्य है। रेखांकित शब्द का पद-परिचय क्या है?

A) संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग B) संज्ञा, बहुवचन, पुल्लिंग

C) संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग D) संज्ञा, बहुवचन, स्त्रीलिंग

38. वीर रस का स्थायी भाव क्या है?

A) उत्साह B) क्रोध C) भय D) शोक

39. किस गण क संकेत 'SSS' है?

A) य गण B) म गण C) ज गण D) स गण

40. 'भुजबल भूमि बिनु कीन्ही' में प्रयुक्त अलंकार क्या है?

A) यमक B) श्लेष C) अनुप्रास D) उपमा